

AGLASEM.COM

कक्षा ९ पॉलिटिकल साइंस नोट्स

संविधान निर्माण

Key Notes and Important Questions with Answers

अध्याय–2

संविधान निर्माण

याद रखने की बातें :–

- व्यापार करने आई यूरोप की कम्पनियों ने दक्षिण अफ्रीका को गुलाम बनाया और काफी बड़ी संख्या में यहाँ गोरे लोग बस गए और यहाँ के स्थानीय काली चमड़ी वाले लोगों के साथ रंगभेद शुरू कर दिया।
- रंगभेद नस्ली भेदभाव पर आधारित उस व्यवस्था का नाम है जो दक्षिण अफ्रीका में विशिष्ट तौर पर चलायी गई।
- अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के झंडे तले दक्षिण अफ्रिकियों ने 1950 से ही गोरों के विरुद्ध आजादी की लड़ाई लड़ी, आखिरकार 26 अप्रैल 1994 को दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का नया झंडा लहराया और यह एक लोकतांत्रिक देश बन गया।
- नेल्सन मंडेला को 7 अन्य नेताओं सहित 1964 में देश में रंगभेद से चलने वाली शासन व्यवस्था का विरोध करने के लिए आजीवन कारावास की सजा दी गई, वह 28 वर्षों तक जेल में रहे।
- नेल्सन मंडेला द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम 'द लांग वॉक टू फ्रीडम' है।
- 1928 में मोतीलाल नेहरु और कांग्रेस के अन्य पाठ सदस्यों ने भारत का एक संविधान लिखा था।
- भारत का संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे जिन्होंने 26 नवम्बर 1949 में अपना कार्य पूरा कर लिया। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ इसीलिए इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।
- बंधुता, समानता, न्याय आदि मूल्यों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सम्मिलित किया गया। इसके अतिरिक्त सार्वभौमिक मताधिकार, धर्मनिरपेक्षता, प्रभुत्वसम्पन्नता आदि का प्रावधान भी संविधान में है।
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष थे।
- डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष थे।
- गाँधी जी ने 1931 में 'यंग इंडिया' नामक पत्रिका लिखी।

– संविधान लिखित नियमों की एक ऐसी पुस्तक है, जिसे किसी देश के निवासी सामुहिक रूप से मानते हैं। संविधान सर्वोच्च कानून है जिससे किसी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मध्य के आपसी संबंध तय होने के साथ–साथ लोगों और सरकार के मध्य के संबंध भी निर्धारित होते हैं।

1 अंक वाले प्रश्न

1. नेल्सन मंडेला द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम क्या है?
2. नेल्सन मंडेला कितने वर्षो तक जेल में रहे?
3. दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का नया झंडा कब लहराया?
4. किस पार्टी ने दक्षिण अफ्रीका में आज़ादी की लड़ाई लड़ी?
5. दक्षिण अफ्रीका में किस नेता ने नस्ली रंगभेद का विरोध किया?
6. मोतीलाल नेहरू और कांग्रेस के अन्य आठ नेताओं ने भारत का एक संविधान किस सन् में लिखा?
7. 1931 में गाँधी जी ने संविधान से अपनी अपेक्षा के बारे में किस पत्रिका में लिखा था?
8. भारतीय संविधान प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष कौन थे?
9. भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?
10. भारतीय संविधान कब तैयार हो गया था?
11. भारतीय संविधान कब लागू हुआ?
12. भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में कुल कितने सदस्य थे?
13. किस औपनिवेशिक कानून से भारतीय संविधान ने बहुत सी धाराओं को अपनाया?

लघु / दीर्घ प्रश्न (3 / 5 अंक)

1. रंगभेद से क्या तात्पर्य है?
2. दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में लिखें।
3. संविधान के प्रमुख कार्य क्या हैं?
4. भारतीय संविधान को दिशा देने वाले शब्द 'पंथ–निरपेक्ष', 'गणराज्य', लोकतंत्रात्मक', बंधुता' और समता का अर्थ लिखिए।

5. संविधान क्या है?

6. संविधान क्यों आवश्यक है?

7. संविधान संशोधन से क्या तात्पर्य है?

8. भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

9. किसी क्लब, सहकारी संगठन या राजनैतिक दल के लिए लिखित नियम या उनका संविधान होना चाहिए। स्पष्ट करें।

उत्तर माला :–

1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. 'द लांग वॉक टू फ्रीडम'

2. 28 वर्ष

3. 26 अप्रैल 1994

4. अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस

5. नेल्सन मंडेला

6. 1928

7. यंग इंडिया

8. डॉ. भीम राव अम्बेडकर

9. डॉ. राजेंद्र प्रसाद

10. 26 नवम्बर 1949

11. 26 जनवरी 1950

12. 299

13. 1935 का भारतीय सरकार कानून

लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. रंगभेद –

– रंगभेद नस्ली भेदभाव पर आधारित उस व्यवस्था का नाम है जो दक्षिण अफ्रीका में विशिष्ट तौर पर चलायी गई, दक्षिण अफ्रीका पर यह व्यवस्था यूरोप के गोरे लोगों ने लादी थी।

2. दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्रता संग्राम :–

– 1950 से ही स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी, 1994 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई।

– यूरोपीय अल्पसंख्यक गोरों की सरकार स्थानीय काले लोगों पर अत्याचार करती रहीं।

  – दक्षिण अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला ने रंगभेद से चलने वाली शासन की व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाई।

  – अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के झंडे तले गोरों के विरुद्ध मजदूर संघटन और कम्यूनिस्ट पार्टी भी शामिल।

  – 1994 में चुनाव की घोषणा की गई जिसमें लोकप्रिय अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला की जीत हुई, उन्हें स्वतंत्र दक्षिण अफ्रीका का पहला राष्ट्रपति चुना गया।

3. संविधान के प्रमुख कार्य :

  – साथ रह रहे विभिन्न तरह के लोगों के बीच जरूरी भरोसा और सहयोग विकसित करना।

  – स्पष्ट करना की सरकार का गठन कैसे होगा और किसे फैसले लेने का अधिकार होगा।

  – सरकार के अधिकारों की सीमा तय करना और नागरिकों के अधिकार बताना।

  – अच्छे समाज के गठन के लिए लोगों की आकांक्षाओं को व्यक्त करना।

4. भारतीय संविधान को दिशा देने वाले शब्द :

  – पंथ –निरपेक्ष : नागरिकों को किसी भी धर्म को मानने की पूरी स्वतंत्रता है, लेकिन कोई धर्म अधिकारिक नहीं।

  – गणराज्य : शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति होगा।

  – लोकतंत्रात्मक : सरकार का एक ऐसा स्वरूप जिसमें लोगों को समान राजनैतिक अधिकार प्राप्त रहते हैं।

  – समता : कानून के समक्ष सभी लोग बराबर हैं।

  – बंधुता : हम सब ऐसा आचरण करें जैसा के एक परिवार के सदस्य हों। कोई भी नागरिक किसी दूसरे नागरिक को अपने से कमतर न माने।

5. संविधान :

- संविधान लिखित नियमों की एक ऐसी किताब है जिसे किसी देश में रहने वाले लोग सामूहिक रूप से मानते है।
- संविधान सर्वोच्च कानून है।
- संविधान लोगों के बीच आपसी सम्बन्ध तथा लोंगों और सरकार के बीच के सम्बन्ध तय करता है।

6. संविधान की आवश्यकता :

- लोकतान्त्रिक सरकार का निर्माण और उसके कार्य तय करने के लिए।
- सरकार के विभिन्न अंगो के अधिकार क्षेत्र तय करने के लिए।
- सरकार को अपनी शक्तियों के दुरूपयोग से रोकने के लिए।
- नागरिकों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए (या अन्य कोई)।

7. संविधान संशोधन :

- देश के सर्वोच्च विधायी संस्था द्वारा उस देश के संविधान में किए जाने वाले बदलाव को संविधान संशोधन कहते है।

8. भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ :

- संघीय सरकार।
- संसदात्मक सरकार।
- प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य।
- पंथ–निरपेक्ष राज्य।
- स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका।
- मूल अधिकार।
- राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत।

9. लिखित नियम या संविधान होना चाहिए

- यह लोगों में भरोसा और सहयोग विकसित करता है।
- यह अधिकारों और जिम्मेदारियों को तय करता है।
- सभी लोगों की मान्यता होती है।